हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 11 मार्च 2026

04 16 से शुरू होगा गेहूं उपार्जन, सभी व्यवस्थाएं ...



07 स्मार्ट मीटरों के खिलाफ जिला पंचायत अध्यक्ष सौधिया ने...





### जिला अस्पताल के आउटसोर्स कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर किया प्रदर्शन, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# कर्मचारियों ने खोला मोर्चा: वेतन नहीं मिलने से नाराज कर्मचारी चेतावनी देकर बोले करेंगे काम बंद हड़ताल

ज्ञापन देने पहुंचे कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें पिछले तीन महीने से वेतन नहीं मिला है। घर चलाना मुश्किल हो गया है, बच्चों की स्कूल फीस से लेकर राशन तक के लाले पड़ रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला अस्पताल में अपनी सेवाएं दे रहे आउटसोर्स कर्मचारियों का धैर्य अब जवाब दे रहा है। पिछले लंबे समय से वेतन और पीएफ की समस्याओं से जूझ रहे लगभग सभी विभागों के आउटसोर्स कर्मचारियों ने लामबंद होकर मंगलवार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी मांगों का निराकरण नहीं हुआ, तो वे काम बंद कर हड़ताल पर चले जाएंगे।



#### तीन महीने से वेतन का इंतजार, पीएफ भी गायब

ज्ञापन देने पहुंचे कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें पिछले तीन महीनों से वेतन नहीं मिला है। घर चलाना मुश्किल हो गया है, बच्चों की स्कूल फीस से लेकर राशन तक के लाले पड़ रहे हैं। इसके अलावा, पिछले 6 महीनों से उनका पीएफ (प्रोविडेंट फंड) भी उनके खातों में जमा नहीं किया गया है। कर्मचारियों का आरोप है कि सरकारी नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। अस्पताल में आउटसोर्सिंग का ठेका सिग्मा इन्फोटेक्स कंपनी के पास है। कर्मचारियों ने कंपनी और उसके ठेकेदार पर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि- जब भी वेतन के संबंध में ठेकेदार से बात करने की कोशिश की जाती है, तो वह अभद्र व्यवहार करता है। ठेकेदार फोन तक नहीं उठाता, जिससे कर्मचारियों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। कंपनी प्रबंधन जमीनी हकीकत से आंखें मूंदे बैठा है। हम दिन-रात अस्पताल की व्यवस्थाएं संभालते हैं, लेकिन जब हक की बात आती है तो हमारे साथ अपराधियों जैसा व्यवहार किया जाता है। बिना वेतन के हम कब तक काम करेंगे।

#### प्रशासनिक हस्तक्षेप की मांग

कर्मचारियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि सिग्मा इन्फोटेक्स कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में वेतन समय पर मिले। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस पर क्या कदम उठाता है या फिर मरीजों को हड़ताल की मार झेलनी पड़ेगी।

**चरमरा सकती है स्वास्थ्य व्यवस्था :** कलेक्टर कार्यालय पहुंचे कर्मचारियों ने दो टूक कहा है कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर उनका बकाया वेतन और पीएफ का भुगतान नहीं किया गया, तो वे पूर्णतः काम बंद कर स्ट्राइक पर चले जाएंगे। जिला अस्पताल में सफाई, सुरक्षा और कंप्यूटर ऑपरेटर जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में आउटसोर्स कर्मचारी तैनात हैं। यदि ये हड़ताल पर जाते हैं, तो जिले की स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह ठप हो सकती हैं, जिसका सीधा असर मरीजों पर पड़ेगा।

## खबर संक्षेप

### जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक 14 मार्च को

**सीहोर।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक 14 मार्च को सुबह 11 बजे जिला पंचायत कार्यालय सीहोर के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता विदिशा लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा की जाएगी। साथ ही योजनाओं के प्रभावी संचालन, समस्याओं के निराकरण तथा विकास कार्यों में तेजी लाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

### जाति प्रमाण पत्र आवेदन के साथ समग्र अनिवार्य

**सीहोर।** लोक सेवा गारंटी के माध्यम से जाति प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए अब आवेदन की या परिवार की समग्र आई.डी.होना अनिवार्य किया गया है। जिले की तहसीलों में स्थापित लोक सेवा गारंटी केंद्र पर जाति के आवेदन क्रमशः अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति पिछडे.वर्ग, विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ के मैन्युअल जाति के आवेदन मैन्युअल अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति मैन्युअल अन्य पिछडे वर्ग मैन्युअल विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ ब्लड रिलेशन जाति के आवेदन ब्लड रिलेशन अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति ब्लड रिलेशन अन्य पिछडे.वर्ग तथा ब्लड रिलेशन विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ पोर्टल पर लाइव कर दिया गया है।

### स्कूलों में होंगे जल गंगा संवर्धन अभियान जागरुकता कार्यक्रम

**सीहोर।** लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश द्वारा प्रदेश के सभी शासकीय विद्यालयों में जल गंगा संवर्धन अभियान 19 मार्च से 30 जून 2026 तक संचालित किए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जल संवर्धन को जनआंदोलन का रूप देना है। कलेक्टर बालागुरू के. ने जिला शिक्षा अधिकारी को लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिये कहा है। जारी निर्देशों के अनुसार विद्यालयों में निबंध लेखन, पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता, परिचर्चा एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही जल संरक्षण विषय पर शपथ दिलाई जाएगी और विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

## इछावर में दिनदहाड़े लूट, बाइक सवार बदमाशों ने युवक को पीटा, सोने की चेन झपटकर हुए फरार



**सीहोर।** इछावर थाना क्षेत्र में बेखौफ बदमाशों ने दिनदहाड़े लूट की एक वारदात को अंजाम दिया है। ढाबला-सेमली मार्ग पर दो अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने एक युवक को रोककर उसके साथ मारपीट की और गले से सोने की चेन लूटकर रफूचक्कर हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार आयुष नाम का युवक, जो एक कृषि दवाई कंपनी में कार्यरत है। सोमवार को सीहोर से इछावर होते हुए सेमली गांव की ओर जा रहा था, जैसे ही वह ढाबला-सेमली सडक़ पर पहुंचा, पीछे से आए दो बाइक सवारों ने उसका रास्ता रोक लिया। इससे पहले कि युवक कुछ समझ पाता, बदमाशों ने उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी।

#### चेन छीनी और जंगल के रास्ते भागे

पीड़ित के अनुसार मारपीट के दौरान बदमाशों ने युवक के गले पर झपट्टा मारा और सोने की चेन लूट ली। वारदात के बाद आरोपी तेजी से बाइक दौड़ाते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित आयुष ने इछावर थाने पहुंचकर आपबीती सुनाई और अज्ञात बदमाशों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

**पुलिस ने गठित की टीम :** मामले की गंभीरता को देखते हुए इछावर थाना पुलिस ने तत्काल एफआईआर दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी पंकज वाडेकर के अनुसार युवक की शिकायत पर प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया गया है। बदमाशों की धरपकड़ के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें रवाना की गई हैं और संदिग्ध रास्तों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## ट्राले की चपेट में आए बाइक सवार दंपती हादसे में महिला की मौत, पति-पुत्र घायल

**बुधनी/शाहगंज।** शाहगंज थाना क्षेत्र में सोमवार शाम एक सड़क हादसे में बाइक सवार महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति और बेटा घायल हो गए। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल बन गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हथनोरा निवासी जगदीश कीर अपनी पत्नी रुखमणी कीर (35) और करीब 8 वर्षीय बेटे के साथ ग्राम भारकच्छ में आयोजित एक रसोई कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। कार्यक्रम से लौटते समय सोमवार शाम करीब 6 बजे उनकी बाइक ग्राम जोनतला जोड़ के पास सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्राले ने टक्कर मारी । टक्कर लगने के बाद बाइक सवार दंपत्ति सड़क पर गिर पड़े और इसी दौरान रुखमणी कीर ट्राले की चपेट में आ गईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में पति और बेटा घायल हो गए।

घटना के बाद मौके पर मौजूद जोनतला निवासी अनिकेत चौहान ने तुरंत मानवता का परिचय देते हुए घायलों को निजी वाहन से सिविल अस्पताल बुधनी पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने जांच के बाद रुखमणी कीर को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल पति और बेटे का उपचार किया गया। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में मातम छा गया और उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मंगलवार को पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने घटनास्थल से ट्राला जब्त कर लिया है। ट्राला क्रमांक रजे 19 GG 4915 को बकतरा चौकी में खड़ा कराया गया है पुलिस ने मर्ग कायम कर अपराध क्रमांक 60 के तहत धारा 281, 125 (ए), 106 (1) बीएनएस एवं मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि संबंधित ट्राला राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कार्य में लगी कंपनी का है। बुधनी से बाड़ी तक फोरलेन नेशनल हाईवे निर्माण कार्य जारी है और निर्माण कार्य के दौरान क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं।

## हजरत बाबा बदख्शानी का 112 वां उर्स प्रारंभ

**सीहोर ।** मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिला मुख्यालय स्थित दरगाह हजरत सैय्यद कुरबान अली शाह बदख्शानी का 112वां उर्स मंगलवार से प्रारंभ हो गया है, जो आगामी 15 मार्च तक चलेगा। इस उर्स में जियारत करने के लिए मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में जायरीन आते हैं। यह उर्स प्रदेश और देश में राजगढ़ की पहचान बन गया है।

हर साल उर्स कमेटी और जिला प्रशासन यहां की माकूल व्यवस्था करता है। इसके अलावा शहर के अन्य धर्मों के नागरिक भी उर्स में बढ़ चढ़ कर भाग लेते हैं। पहली बार किसी कलेक्टर ने दरगाह परिसर में ली थी बैठक उर्स की व्यवस्थाओं को लेकर दरगाह परिसर में साल 2015 में उस समय के कलेक्टर आनंद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई थी। यह पहला मौका था जब किसी कलेक्टर ने दरगाह शरीफ में आकर उर्स को लेकर इस तरह से बैठक की हो। बैठक में तत्कालीन एसपी शशिकांत शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय सिंह, एसडीएम अंजलि शाह, जिला वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदर अब्दुल हकीम नियाजी, विभिन्न विभागों के अधिकारी सहित उर्स इन्तजामिया कमेटी के सदस्य मौजूद थे । इस मौके पर कलेक्टर शर्मा के सुझाव पर बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि उर्स में आने वाले लोग अपने साथ थैला, झोला बैग जो भी आवश्यक समझें साथ लाएं ताकि पॉलिथिन के उपयोग पर लगाम लग सके। इसके साथ ही दुकानदारों के परिचय पत्र भी बनाए जाने निर्देश प्रबंधन समिति को दिए गए थे।



## माहेश्वरी समाज ने मनाया फाग उत्सव



**सीहोर।** माहेश्वरी समाज सीहोर द्वारा प्रति वर्ष की परंपरा अनुसार माहेश्वरी भवन में फाग उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें माहेश्वरी समाज की महिला मंडल द्वारा बहुत उत्साह से भाग लिया एवं सभी महिलाओं द्वारा एक दूसरे को गुलाल लगा कर फूलों से होली खेल कर भागवत भूषण हर्षित जी शास्त्री के भजनों का आनंद लिया गया। माहेश्वरी समाज के सभी समाज जन द्वारा होली परंपरा का सादगी से निर्वहन कर एक दूसरे को बधाई दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाज के वरिष्ठ समाज जन अशोक सोडाणी, गिरधर कुइया, कमल झवर, अशोक बियानी, पुरुषोत्तम कुइया, सुनील मंत्री किशोर सोडाणी पंकज झवर, राजेश बांगड़, सुशील मंत्री, सुरेश साबू,बल्लभ बियानी, विनोद मंत्री, रवि धूत, पंकज साबू,शरद बाहेती, अंकित कासट, राकेश मोहता, अभिषेक कासट, भारत मंत्री ,अमोल सारडा, पंकज काबरा, शैलेश राठी, विजय चडक, पंकज तोषनीवाल, नवीन सोनी गोविंद झवर, योगेश राठी, सत्यनारायण हूरकट प्रियांशु साबू एवं माहेश्वरी समाज की महिला मंडल एवं समाज जन उपस्थित रहे।

### जनसुनवाई में 35 आवेदकों ने सुनाई समस्या



**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 35 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, एसडीएम तन्मय वर्मा और डिप्टी कलेक्टर प्रेम सिंह गौंड़ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### चंद्रशेखर आजाद कॉलेज मैदान पर आज होगा सामूहिक विवाह सम्मेलन

# कन्यादान योजना: 200 बेटियों के हाथ होंगे पीले एक ही मंडप में गूंजेंगे विवाह के मंत्र और आयतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

चंद्रशेखर आजाद कॉलेज मैदान पर बुधवार को नगर पालिका परिषद सीहोर और सामाजिक न्याय विभाग द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक कन्यादान विवाह निकाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर और कार्यक्रम प्रभारी नरेंद्र राजपूत सहित नगर पालिका और सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों के द्वारा कार्यक्रम की तैयारियो का मैदान पर पहुंच कर निरीक्षण किया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने बताया मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अंतर्गत बुधवार को 122 हिंदू और 78 मुस्लिम बेटियों का विवाह निकाह हिंदू वेदिक मंत्र और कुरान की आयतों के साथ संपन्न होगा। कार्यक्रम प्रभारी नरेंद्र राजपूत ने बताया कि हिंदू मुस्लिम वर वधूओ के लिए अलग-अलग व्यवस्थाएं की गई है। सामाजिक न्याय विभाग के द्वारा शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली राशि और सामग्री कन्याओं कोभट की जाएगी।



आयोजित किया जाएगा। मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर और कार्यक्रम प्रभारी नरेंद्र राजपूत सहित नगर पालिका और सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों के द्वारा कार्यक्रम की तैयारियो का मैदान पर पहुंच कर निरीक्षण किया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने बताया मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अंतर्गत बुधवार को 122 हिंदू और 78 मुस्लिम बेटियो का विवाह निकाह हिंदू वेदिक मंत्र और कुरान की आयतों के साथ संपन्न होगा। कार्यक्रम प्रभारी नरेंद्र राजपूत ने बताया कि हिंदू मुस्लिम वर वधूओ के लिए अलग-अलग व्यवस्थाएं की गई है। सामाजिक न्याय विभाग के द्वारा शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली राशि और सामग्री कन्याओं को भेंट की जाएगी।

## बढ़ रहे रोज अपराध, सपा ने दिया एसपी-कलेक्टर को ज्ञापन

**सीहोर।** गांवों मोहल्लों कॉलोनियों में शराब पीकर गदर मचाकर लड़ाई झगड़ा करने वाले नशेलचियों पर कार्रवाही की मांग को लेकर मंगलवार को पीड़ित नागरिकों के साथ समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष इंदिरा भील ने कलेक्टर बालागुरू और जिला पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ला के नाम डिप्टी कलेक्टर प्रेम सिंह गौंड़ और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनिता रावत को ज्ञापन दिया।



समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष इंदिरा बाबू भील ने कहा कि नशाखोर निरंकुश हो गए है अपराधों में रोज इजाफा हो रहा है,नशैलचियों पर पुलिस कोई कार्रवाही नहीं कर रही है,खामयाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है नागरिक 112 डायल कर पुलिस बुलाते है लेकिन नशैलचियों को पकडऩे से पुलिस इंकार कर देती है। नशेलों के कारण जनता खौफ में जी रही है। लेकिन नशेलो के द्वारा की जाने वाली आम जनता की शिकायतों पर पुलिस तत्काल मुकदमा दर्ज कर कार्रवाही कर रही है। शराब, गांजा, भांग सहित अन्य वीआइपी शैली के नशे कर यह लोग जिले के नगर कस्बों गांवों मोहल्लों कॉलोनियों में अपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे है। नशा करने वालों के कारण बहन बेटियों का घर से निकलना दुष्वार हो गया है। सड़क पर रोज हादसें हो रहे है मासूम बच्चों की जान जा रही है।समाजवादी पार्टी जनहित में नशा के कारण प्रतिदिन उत्पन्न हो रही समस्याओं के निराकरण और जनता की शिकायत पर तत्काल नशैलचियों पर सख्त कर्रवाही करने की मांग पुलिस अधीक्षक और जिले के अनेक गांवों में अवैधानिक रूप से बिक रही शराब की बिक्री पर अंकुश लगाने सहित संबंधितों पर सख्त कानूनी कार्रवाही करने की मांग कलेक्टर से करती है। जल्दी ही अगर प्रशासन के द्वारा आदतन शराबियों को पकडऩे का अभियान शुरू नही करती है तो जनहित में समाजवादी पार्टी जिले में उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी। ज्ञापन सौपते समय संतोष मालवीय, अखिलेश भील, मुकेश बारेला, रितेश भिलाला, मिश्रीलाल सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

### महिला सरपंच ने दर्ज कराई शिकायत


**सीहोर।** कादराबाद के विकास कार्यो में अतिक्रमणकारी और स्वच्छता के दुशमन रोड़ा बने हुए है गोहा की शासकीय जमीन पर कब्जा कर लिया गया है। पंचायत को सीड़ी, चबुतरा,किचिन शेड,वस्तु भंडार भवन निर्माण में भी परेशानी हो रही है। सड़क पर ही घूड़ा कूड़ा करकट फेक कर अस्वच्छता फैलाई जा रही है। जनसुनवाई में मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर सरपंच लक्ष्मी कुंवर ने अतिक्रमणकारियों पर सख्त कानूनी कार्रवाही कर ग्राम विकास के लिए अतिक्रमण हटवाने की मांग प्रशासन से की है। सरपंच लक्ष्मी कुंवर ने बताया कि ग्राम पंचायत ने अनेक बार अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किए है तहसीलदार श्यामपुर और जनपद कार्यालय को भी अवगत कराया गया है लेकिन अतिक्रमणकारियों के द्वारा मनमानी की जा रही है। जिस कारण अनेक सरकारी काम अटके हुए है। सरपंच ने बताया कि गोया भूमि पर सामुदायिक भवन बन चुका है लेकिल कुछ जमीन पर ग्राम के लोगों ने लकडियां मलवा डालकर कब्जा कर लिया है हालात ऐसे है कि पार्किंग की जगह भी नहीं बची है। उक्त लोगों के द्वारा सड़क पर कचरा डाला जा रहा है जिस से बच्चा का स्कूल जाना भी परेशानी से भरा हो गया है।

जिले की श्यामपुर तहसील में सबसे ज्यादा 19 हजार 978 किसानों ने कराया पंजीयन

# 16 से शुरू होगा गेहूं उपार्जन, सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

कलेक्टर ने बालागुरु के. ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपार्जन केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में बारदानों की उपलब्धता, तौल कांटे, नमी मापक यंत्र, साफ-सफाई, पेयजल, छाया तथा किसानों के बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य 16 मार्च से प्रारंभ किया जाएगा। उपार्जन कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने तथा उपार्जन केन्द्रों पर किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिये कलेक्टर बालागुरू के. ने बैठक आयोजित कर सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि उपार्जन केन्द्रों पर गेहूं खरीदी के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपार्जन केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में बारदानों की उपलब्धता, तौल कांटे, नमी मापक यंत्र, साफ-सफाई, पेयजल, छाया तथा किसानों के बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही उपार्जन केन्द्रों पर बिजली, इंटरनेट कनेक्टिविटी तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर की व्यवस्था भी समय से कर ली जाए, ताकि पंजीकृत किसानों का गेहूं उपार्जन कार्य सुचारू रूप से किया जा सके।

कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्देश दिए कि उपार्जन केन्द्रों पर किसानों की स्लॉट बुकिंग के आधार पर किसानों को उनके निर्धारित दिन और समय पर ही उपार्जन केन्द्र पर बुलाया जाए। इससे अनावश्यक भीड़ से बचा जा सकेगा और खरीदी कार्य व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सकेगा। उन्होंने कहा कि किसानों से गेहूं खरीदी करते समय निर्धारित मापदंडों का पालन किया जाए तथा गुणवत्ता के अनुसार ही गेहूं स्वीकार किया जाए।

बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीदे गए गेहूं के सुरक्षित भंडारण तथा समय पर परिवहन की भी समुचित व्यवस्था की जाए। इसके लिए गोदामों की उपलब्धता, परिवहन व्यवस्था तथा संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य किया जाए।

उन्होंने कहा कि उपार्जन केन्द्रों पर किसी भी प्रकार की अनियमितता या शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि उपार्जन कार्य के दौरान किसानों से संवाद बनाए रखा जाए तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाए। उपार्जन केन्द्रों का नियमित निरीक्षण किया जाए और यदि कहीं किसी प्रकार की कमी या समस्या सामने आती है तो उसे तत्काल दूर किया जाए। उन्होंने कहा कि गेहूं उपार्जन शासन सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है, इसलिए सभी अधिकारी समन्वय के साथ जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करें।

बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को उपार्जन कार्य के सफल संचालन के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए, ताकि जिले में गेहूं उपार्जन का कार्य सुचारू, पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके। बैठक में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, कृषि, सहकारिता, वेयर हाउस तथा विपणन संघ के अधिकारी उपस्थित थे।

### जिले के 92 हजार से अधिक किसानों ने कराया पंजीयन

जिले में गेहूं उपार्जन वर्ष 2026-27 के लिए किसानों का पंजीयन लगातार बढ़ रहा है। आठ मार्च 2026 तक जिले में कुल 92 हजार 889 किसानों ने पंजीयन कराया है, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 88 हजार 292 थी। इस वर्ष कुल पंजीकृत रकबा 2 लाख 20 हजार 461.97 हेक्टेयर दर्ज किया गया है। तहसीलवार आंकड़ों के अनुसार आष्टा तहसील में 13 हजार 676 किसानों ने 31,629 हेक्टेयर, इछावर में 7 हजार 683 किसानों ने 19,825.75 हेक्टेयर, जावर में 5 हजार 955 किसानों ने 13,582.84 हेक्टेयर तथा भैरूंदा में 15 हजार 438 किसानों ने 42,603.41 हेक्टेयर रकबे का पंजीयन कराया। वहीं बुधनी में 5 हजार 464 किसानों ने 15,848.89 हेक्टेयर, रेहटी में 8 हजार 597 किसानों ने 22,135.99 हेक्टेयर और श्यामपुर में 19 हजार 978 किसानों ने 41,592.08 हेक्टेयर क्षेत्र का पंजीयन कराया है। इसी प्रकार सीहोर तहसील में 15 हजार 973 किसानों ने 32,980.34 हेक्टेयर तथा सीहोर नगर में 125 किसानों ने 263.67 हेक्टेयर रकबे का पंजीयन कराया है। प्रशासन ने किसानों से निर्धारित समय सीमा में पंजीयन सुनिश्चित करने की अपील की है, ताकि समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो सके।

## इंदौर-भोपाल मार्ग पर मैरिज गार्डनों की अव्यवस्था से सैकड़ों वाहन फंसे, एम्बुलेंस तक को नहीं मिला रास्ता

**ट्रैफिक पुलिस गायब, तीन घंटे जाम में कैद रही सड़क, पुलिस देर से पहुंची, 20 मिनट बाद लौट गई**






**भैरूंदा।** नगर में ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह भगवान भरोसे नजर आ रही है। ट्रैफिक पुलिस के अभाव और प्रशासनिक लापरवाही के चलते सोमवार शाम नगर के मुख्य इंदौर-भोपाल मार्ग पर करीब तीन घंटे तक लंबा जाम लगा रहा। शाम 6 बजे से 9 बजे तक सड़क पर सैकड़ों वाहन रेंगते रहे। जाम में यात्री बसें, भारी वाहन और मरीज को ले जा रही एम्बुलेंस तक फंसी रही, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जाम लगने के करीब दो घंटे बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन हालात संभालने के बजाय टीम मात्र 20 मिनट रुककर वापस लौट गई। कुछ देर के लिए यातायात सामान्य हुआ, लेकिन पुलिस के जाते ही फिर से वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

### मैरिज गार्डनों की लापरवाही से सड़क बनी पार्किंग

नगर के मुख्य मार्ग इंदौर-भोपाल रोड पर संचालित कई मैरिज गार्डनों में शादी-विवाह के कार्यक्रम चल रहे थे। लेकिन इन गार्डनों में पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था नहीं होने के कारण सैकड़ों वाहन सड़क पर ही खड़े कर दिए गए। देखते ही देखते मुख्य मार्ग पार्किंग में बदल गया और पूरा यातायात ठप हो गया।

### ट्रैफिक पुलिस नहीं, थाने में भी बल की कमी

नगर में लगातार बढ़ते यातायात दबाव के बावजूद ट्रैफिक पुलिस की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है। वहीं थाना भैरूंदा में भी पुलिसबल की कमी बताई जा रही है। ऐसे में जाम की स्थिति बनने पर समय पर व्यवस्था संभालना मुश्किल हो रहा है, जिससे नगर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा रही है।

### बार-बार जाम, फिर भी जिम्मेदार मौन

नगर में आए दिन लगने वाले जाम से आम नागरिक, राहगीर और यात्री बसों के यात्री परेशान हो रहे हैं। कई बार मरीजों को ले जा रही एम्बुलेंस भी जाम में फंस जाती है, जिससे गंभीर स्थिति पैदा हो जाती है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ठोस कदम नहीं उठाए जाने से नगरवासियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है और प्रशासन की कार्यशैली पर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं।

## 19 मार्च से 30 जून तक चलेगा जल गंगा संवर्धन अभियान

**कलेक्टर ने जिले में अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन और संचालन के दिए निर्देश**



**सीहोर।** जिले में जल संरक्षण और जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन के उद्देश्य से 19 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जाएगा। अभियान के सफल एवं सुचारू संचालन के लिए कलेक्टर बालागुरू के. ने संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव सहित सभी संबंधित जिलाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले के तालाबों, कुओं, बावड़ियों, नदियों एवं अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण और संवर्धन के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ अभियान की रूपरेखा तैयार कर समयबद्ध तरीके से कार्य करें, ताकि अधिक से अधिक जल स्त्रोतों का संरक्षण और पुनर्जीवन किया जा सके। कलेक्टर ने कहा कि अभियान के दौरान तालाबों और जलाशयों की साफ-सफाई, गहरीकरण, मरम्मत, जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण तथा वर्षा जल संचयन के कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जाएं। उन्होंने ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में जनभागीदारी के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ने पर भी विशेष जोर दिया।

बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्देश दिए कि अभियान के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों की नियमित निगरानी की जाए तथा उनकी प्रगति की जानकारी समय-समय पर उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान मनरेगा सहित अन्य योजनाओं के माध्यम से भी जल संरक्षण से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएं। स्कूलों, पंचायतों तथा सामाजिक संगठनों के माध्यम से जनजागरूकता कार्यक्रम चलाकर लोगों को जल संरक्षण के महत्व से अवगत कराया जाए और उन्हें अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया जाए।

बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए कि अभियान के तहत किए जाने वाले कार्यों की पूर्व तैयारी समय से पूर्ण कर ली जाए और सभी गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि जिले में जल संरक्षण को बढ़ावा मिल सके और आने वाले समय में जल संकट की स्थिति से बेहतर ढंग से निपटा जा सके।

### मिलावट रोकने प्रतिष्ठानों से लिए जा रहे हैं खाद्य पदार्थों के नमूने



**सीहोर।** कलेक्टर शबालागुरु के. के निर्देशानुसार जिले में मिलावटी एवं अमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा खाद्य दुकानों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में सीहोर जिले के ग्राम बगवाड़ा में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने निरीक्षण करते हुए विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से खाद्य सामग्री के नमूने लिए। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्योति बंसल द्वारा ग्राम बगवाड़ा स्थित दरबार दा ढाबा से बेसन, मामा जी ढाबा से लस्सी और ग्राम बनेटा स्थित खाद्य प्रतिष्ठान एसटीएम फूड प्रोडक्ट्स से टोस्ट एवं तेल के नमूने लिए गए। संकलित नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया है। अधिकारियों ने बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने व्यापारियों एवं खाद्य सामग्री विक्रेताओं को चेतावनी देते हुए कहा है कि खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य है तथा मिलावट पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 4 अप्रैल को निकलेगी विशाल हनुमान झंडा यात्रा

**सीहोर ।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी हनुमान जी का विशाल झंडा निकला जा रहा है जिसको लेकर बैठक आयोजित की गई थी सर्व सहमति से झंडा यात्रा का अध्यक्ष सुनील राय को नियुक्त किया गया ।

जानकारी देते हुए सुनील राय ने बताया कि बड़े हर्ष के साथ आप सभी धर्म प्रेमी, धर्म रक्षक, और भक्तिमय बंधुओ को सूचित किया जा रहा हे कि भव्य, दिव्य, और अलौकिक विशाल हनुमान झंडा यात्रा लगातार 13 वर्षों से श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर भोपाल नाका से निकाली जाता हैं उसी क्रम में इस वर्ष भी 04 अप्रैल 2026 को भव्य विशाल हनुमान झंडा भोपाल नाका स्थित हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए कोतवाली से होकर हनुमान फाटक पर सम्पन्न होगा।

विशाल हनुमान झंडा उत्सव समिति ने सभी से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर झंडे को सफल बनाए और आपकी एकता का परिचय दें एवं धर्म लाभ अर्जित करें ।

### आज शिमला के पूर्व सांसद व राष्ट्रीय अध्यक्ष का सीहोर होगा आगमन



**सीहोर।** शिमला हिमाचल प्रदेश के पूर्व सांसद एवं अखिल भारतीय कोली समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष विरेन्द्र कश्यप आज दिनांक 11 मार्च 2025, दिन बुधवार को दोपहर 12 बजे सीहोर आवेगें। साथ उनके साथ ही उनके प्रदेश अध्यक्ष महेश उमरैया भी उपस्थित रहेगें। अखिल भारतीय कोली समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष मुकेश कोली ने बताया कि उनके आगमन पर क्रिसेंट चौराहा स्थित रेस्ट हाऊस में समाज के वरिष्ठजनों एवं युवाओं के द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जावेगा। साथ समाज की समस्याओं के बारे में उन्हें अवगत कराया जावेगा। तत्पश्चात अतिथिगण चिंतामन गणेश मंदिर पहुंचेगें जहां विधिवत पूजन अर्चन कर समाजजनों के कल्याण हेतु मंगलकामना की जावेगी। वहीं से कुबरेश्वरधाम के पहुंचकर धर्मलाभ प्राप्त करेगें। इस मौके पर सभी समाजनों एवं युवाओं से क्रिसेंट चौराहे पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है।

**पत्रकार वार्ता आयोजित कर अलग-अलग घटनाओं का दिया हवाला**

# बसपा ने उठाए पुलिस व प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल, कमलेश बोले : बेलगाम हुआ सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




बहुजन समाज पार्टी जिला इकाई ने सोमवार को पत्रकार वार्ता आयोजित कर जिला प्रशासन और पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। बसपा नेताओं ने जिले में बढ़ते अपराध, अवैध उत्खनन और बाबा साहेब के अपमान जैसे मुद्दों पर घेराबंदी करते हुए आरोप लगाया कि प्रशासन और सत्ताधारियों के संरक्षण में जनता की समस्याओं की अनदेखी की जा रही है।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कमलेश कुमार ने आष्टा के ग्राम धर्मपुरी में हुए दोहरे हत्याकांड पर पुलिस को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने बताया कि पीड़ित परिवार ने पहले ही जानलेवा हमले की आशंका जताते हुए कलेक्टर और एसपी को सूचना दी थी, लेकिन पुलिस ने 6 महीने तक कोई कार्रवाई नहीं की। बसपा का आरोप है कि यदि समय रहते थाना प्रभारी सख्त कदम उठाते तो सगे भाई-बहन की हत्या नहीं होती। पार्टी ने जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

**बाबा साहेब का अपमान, साक्ष्य मिटाने का आरोप :** कोतवाली क्षेत्र में डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर उपवन में प्रतिमा को क्षति पहुंचाने के मामले में बसपा ने नगर पालिका और पुलिस की मिलीभगत का आरोप लगाया। नेताओं ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज वाला कार्ड करप्ट होना एक सोची-समझी साजिश है ताकि सत्ता पक्ष से जुड़े रसूखदार आरोपियों को बचाया जा सके। 6 दिन बीतने के बाद भी नपा द्वारा खंडित चित्र न हटाना बाबा साहेब का खुला अपमान है।

### नर्मदा की छाती हो रही छलनी

जिलाध्यक्ष संजीव बोद्ध ने नर्मदा नदी में मशीनों और पनडुब्बियों से हो रहे बेखौफ अवैध उत्खनन का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि माइनिंग विभाग के संरक्षण में यह गौरखधंधा फल फूल रहा है। इसके साथ ही जिला मुख्यालय के आसपास अधिकारियों की मिलीभगत से काटी जा रही सैकड़ों अवैध कॉलोनियों पर भी बसपा ने कड़ा ऐतराज जताया।

### निजी स्कूलों की मनमानी

अनोखी लाल मालवीय और नर्सिंग भारती ने बताया कि जिले के गांवों में अवैध शराब का कारोबार चरम पर है, जिससे महिलाएं और युवा परेशान हैं। वहीं इछावर में छात्रा को परीक्षा से वंचित करने जैसे मामले निजी स्कूलों की मनमानी को दर्शाते हैं।

### 15 को होगी बड़ी जनसभा

बसपा नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने इन ज्वलंत समस्याओं पर ठोस कार्रवाई नहीं की तो पार्टी बड़ा जन आंदोलन करेगी। बसपा नेताओं ने बताया कि आगामी 15 मार्च को मान्यवर कांशीरामजी की जयंती पर मुख्यालय में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें इन सभी मुद्दों पर आर-पार की लड़ाई का ऐलान होगा। इस अवसर पर अनोखी लाल मालवीय, नर्मदा प्रसाद सागर, नर्सिंग भारती, धनराज सिंह थरेले, रामस्वरूप भारती और राकेश मालवीय सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## गुप्तेश्वर महादेव मंदिर मुहल्ला समिति का होली मिलन समारोह हुआ आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

रंग पंचमी के अवसर पर पिछले 32 वर्षों से लगातार गुप्तेश्वर महादेव मंदिर मोहल्ला समिति के लगातार हो रहे होली मिलन समारोह उत्साह एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में समाज सेवी एवं पूर्व पार्षद अशोक बियानी का सम्मान किया गया कार्यक्रम में शांतिलाल साबू,डॉ सुरेश झाबर, राजकुमार गुप्ता, गोपाल सोनी, विजय चांडक, दीपक सोनी, साकेत कासट, पंकज साबू, योगेश राठी,पंकज मोदी, प्रतिभा जावर आभा कासट,शोभा चांडक ,रजनी बाहेती अनीता बांगड़ प्रमिला साबू आदि उपस्थित थे।

वर्ष 1994 से प्रारंभ हुए मोहल्ला समिति के होली मिलन समारोह में क्षेत्रवासी मोहल्ला वासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मैं अकरम बारेला आत्मज श्री तिख्या बारेला, आयु-38 वर्ष, जाति-बारेला, निवासी ग्राम-हमीदगंज तुमडी (घोघरा), तहसील-भैरूंदा (नसरूल्लागंज), जिला-सीहोर (मध्य प्रदेश) का हूँ और मेरा आधार कार्ड क्र. 447669318007 में त्रुटिवश मेरा नाम AKARAM BATELA दर्ज हो गया। जबकि मेरा नाम सभी शासकीय दस्तावेजों व अंक सूची एंव अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम अकरम बारेला पिता तिख्या बारेला, Akram Barela S/O Tikhya Barela है। अब आगे से मुझे अकरम बारेला पिता तिख्या बारेला, Akram Barela S/O Tikhya Barela नाम व सरनेम से जाना व पहचाना जावे।

**सर्व साधारण को सूचित होवे।**

**भवदीय, अकरम बारेला पिता तिख्या बारेला, भैरुंदा जिला-सीहोर**
**मो. 9399038146**

## साधारण सभा की बैठक में विद्युत कंपनी के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित

# स्मार्ट मीटरों के खिलाफ जिला पंचायत अध्यक्ष सौंधिया ने उठाई आवाज



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

विद्युत वितरण कंपनी द्वारा जिले के बिजली उपभोक्ताओं के घरों में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों का विरोध खुलकर सामने आया है। जिला पंचायत की साधारण सभा की बैठक में इस मुद्दे सहित बिजली कंपनी द्वारा जिले के नागरिकों के साथ किए जा रहे छलावे को लेकर निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। जिला पंचायत सभागार में आहूत इस बैठक में जिपं अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया ने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं की बगैर अनुमति के कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर लोगों के घरों में लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिले के एक मंत्री के घर ही स्मार्ट मीटर का बिल दोगुना आने लगा है। स्मार्ट मीटरों के साथ ही ट्रांसफार्मर लगाने के नाम पर ग्रामीणों से हो रही अवैध वसूली, अनावश्यक थोपे जा रहे बिजली बिलों को लेकर राजगढ़ विद्युत विभाग के अधीक्षण यंत्री सहित कंपनी के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष पर्वत सिंह यादव, राजगढ़ विधायक अमरसिंह यादव, खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी, एडिशनल सीईओ सहित जिपं के लगभग सभी सदस्य एवं विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

### एजेंडा अनुसार अन्य मामलों पर भी चर्चा की

बैठक में एजेंडा अनुसार कई महत्वपूर्ण विभागों की योजनाओं पर चर्चा की गई। इसमें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सड़कों के निर्माण एवं प्रगति की समीक्षा की गई। इसके साथ ही ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, शिक्षा विभाग, सर्व शिक्षा अभियान, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा जल निगम के कार्यों की भी विभागवार समीक्षा की गई। बैठक में मोहनपुरा-कुंडालिया एवं सुठालिया सहित जिले की अन्य सिंचाई योजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा की गई और किसानों को अधिकतम लाभ दिलाने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

### पात्र हितग्राहियों को मिले योजनाओं का लाभ

बैठक में आदिम जाति कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान जिले में विद्युत व्यवस्था को लेकर जनप्रतिनिधियों ने असंतोष व्यक्त किया। विद्युत आपूर्ति एवं व्यवस्थाओं में आ रही समस्याओं के कारण जिला पंचायत सदस्यों द्वारा नाराजगी जताई गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा जिले के विकास कार्यों से जुड़े विभिन्न मुद्दे भी उठाए गए, जिन पर संबंधित अधिकारियों द्वारा जानकारी प्रस्तुत की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष सोंधिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभागीय योजनाओं का क्रियान्वयन समय-सीमा में एवं गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ मिल सके।

## मांगों का निराकरण न होने पर उठाया कदम

# पैक्स समितियों से जुड़े कर्मचारियों ने सौंपा सामूहिक इस्तीफा



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

मध्यप्रदेश सहकारित समिति महासंघ से जुड़े कर्मचारियों ने अनेकों बार दिए गए ज्ञापनों के बावजूद मांगों का निराकरण न होने पर सोमवार को सामूहिक इस्तीफा सौंप दिया। इस संबंध में महासंघ के बैनर तले सीसीबी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में जब तक उनकी मांगों का निराकरण नहीं होगा तब तक वे कार्य करने में असमर्थ रहेंगे। महासंघ पदाधिकारियों ने बताया कि मप्र राज्य सहकारी बैंक के आदेशानुसार जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में समिति प्रबंधकों के 60 फीसदी पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूर्ण की जानी थी जो कि अभी तक नहीं हो पाई है। समिति से जुड़े सभी सेल्समेनों को 3 हजार रुपए प्रतिमाह दिए जाने का 01 अक्टूबर 2023 को जारी किया गया था लेकिन उस पर अभी तक कोई अमल नहीं किया गया है।

### यह भी रखी मांग

पैक्स से जुड़े कर्मचारियों ने मध्यप्रदेश शासन से मांग रखी है कि समिति कर्मचारियों को अनुदान राशि के रूप में 3 लाख रुपए का तत्काल भुगतान भी किया जाए। इसके साथ ही अन्य मांगे सामूहिक इस्तीफे एवं ज्ञापन के जरिए रखी गई।

## मंत्री टेटवाल के होली मिलन में पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता



**ब्यावरा।** राज्यमंत्री गौतम टेटवाल को उन्हीं के गृह नगर में सोमवार को जिले के विभिन्न जगहों से रंगपंचमी होली की शुभकामना देने पहुंचे। इस क्रम में ब्यावरा से नगर पालिका अध्यक्ष पवन कुशवाह अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश सह प्रशिक्षण प्रभारी मध्य प्रदेश गोपाल जाटव वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता ओम छैइया, अरविंद शर्मा पार्षद रामबाबू प्रजापति अनुसूचित जाति मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी महेश बामनिया के एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं ने पहुंच कर स्वागत किया।

## राजस्व भूमि पर अवैध कब्जा कर बने दर्जनों मकान, नगर परिषद बेखबर

**कुरावर।** नगर परिषद क्षेत्र में राजस्व विभाग की भूमि पर अवैध कब्जा कर दर्जनों मकानों के निर्माण का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार नगर परिषद कुरावर क्षेत्र की राजस्व भूमि सर्वे नंबर 493, रकबा 0.379, मद शासकीय रास्ता पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर तीन मंजिला मकान तक खड़े कर लिए हैं। धीरे-धीरे यह कब्जा बढ़ता गया और अब वहां दर्जनों मकान बन चुके हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह निर्माण लंबे समय से जारी था, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि इस शासकीय भूमि पर बने कई मकानों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ भी मिल चुका है। उनका कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन कार्रवाई करता तो राजस्व भूमि पर इस तरह का अवैध निर्माण नहीं हो पाता। अब स्थिति यह है कि सरकारी जमीन पर पूरी बस्ती नजर आ रही है।

### जांच कराएंगे...

इसकी जांच करवा लेंगे और जो भी निमयानुसार कार्रवाई बनती है की जाएगी।

लीलाधर सेन, सीएमओ कुरावर नप

## महिला दिवस पर महाविद्यालय में हुआ सेल्फ डिफेंस कैंप का आयोजन



**सारंगपुर।** शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण गतिविधियों के अंतर्गत पोस्टर लेखन एवं सकारात्मक कहानी सत्र आयोजित किया गया।

इस अवसर पर महिला दिवस के उपलक्ष्य में सेल्फ डिफेंस कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें 50 से अधिक छात्राओं ने आत्मरक्षा की तकनीकें सीखीं। इस अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर ममता खोइया ने कहा, ष्आत्मरक्षा वर्तमान समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर अर्चना वर्मा ने कहा, आत्मरक्षा से छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ेगा जो उन्हें विपरीत परिस्थिति का सामना करने में हिम्मत प्रदान करेगा। तथा विष्णु लववंशी ने सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग दी और कहा, आत्मरक्षा का मतलब सिर्फ लड़ना नहीं है, बल्कि अपने आप को सुरक्षित रखना है। डॉक्टर भाविक वोरा ने छात्राओं को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आवाहन किया। इस दौरान कशिश चैधरी, कशिश अटनेरिया, कृतिका चूलीवाल, साधना शर्मा, राजेश्वरी चतुर्वेदी, रिया नगर, वंशिका शर्मा, शिवानी परमार, अरुण भिलाला ने सकारात्मक दृष्टिकोण पर पोस्टर निर्माण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में डॉक्टर विमल लोदवाल, डॉक्टर वसीम शेख, डॉक्टर अरूणा सोलंकी, भगवान पाटीदार, धर्मेंद्र खेरवार, सोनम करोड़िया, सुश्री संगीता डोडवे, डॉ दीपिका जोशी आदि ने आत्मरक्षा सत्र में हिस्सा लिया।

## महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

**जीरापुर।** शासकीय महाविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ हिमांशु चाष्टा, पुष्पेन्द्र कुमार अहिरवार ने कहा कि महिला शक्ति सर्वोपरि है। महिला को शक्ति स्वरूपा माना जाता है हर महिलाओं को सामाजिक समानता और आत्मनिर्भर बनने पर जोर दिया, महिलाओं को संविधान द्वारा समानता का अधिकार तथा सरकार महिलाओं की सुरक्षा हेतु विभिन्न आत्मरक्षा अभियान चलाएं जा रहे हैं जिससे महिला प्रशिक्षित होकर अपनी स्वयं की रक्षा कर सके। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रभारी डॉ.कमल सिंह अहिरवार डॉ.वंदना चुटेल, डॉ. रीना पाटीदार, डॉ.रश्मि सोनी, कनीज अंसारी मौजूद रहे। डॉ वंदना चुटेल, कनिज अंसारी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विचार रखें इस मोके पर महिला स्टॉफ को पेन देकर सम्मानित किया गया।जिसमें डॉ महेश नरवरिया डॉ.मनोहर परमार, डॉ ओम गुप्ता, ललित शर्मा, दिनेश दांगी आदि, संचालन ललित कुमार शर्मा ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टॉफ एव छात्रध्छात्राएं उपस्थित रहे।

## राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त की स्मृति में रचनापाठ, सुशील व्यास ने दी प्रस्तुति




**सारंगपुर।** मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद एवं संस्कृति विभाग के तत्वावधान में मैथिली शरण गुप्त की स्मृति में देवास में व्याख्यान एवं रचनापाठ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. विकास दवे व राकेश सिंह ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में जयशंकर शर्मा, प्रो. एसएन त्रिवेदी, शिक्षाविद विजय श्रीवास्तव तथा पूर्व न्यायाधीश आरपी सोलंकी उपस्थित रहे।द्वितीय सत्र में प्रदेश के कवि-कवयित्रियों ने राष्ट्रकवि को श्रद्धांजलि देते हुए रचनापाठ किया। सारंगपुर के साहित्यकार सुशील व्यास 'सारंग' ने अपनी रचना "अखिल राष्ट्र का हृदय हमारा प्यारा मध्यप्रदेश है" का प्रभावशाली पाठ कर श्रोताओं की सराहना प्राप्त की। इसके अलावा सचिन सावन, हरिसिंह 'पतंग', प्रिया खुशबू, भेरूलाल सौराष्ट्रीय, मनीषा व्यास, राजेन्द्र विश्वकर्मा, सुरेन्द्र सिंह राजपूत 'हमसफर' तथा सुरेश 'सन्नाटा' (नीमच) ने भी रचनाएं प्रस्तुत कीं। अंत में सभी साहित्यकारों का सम्मान किया गया।

## प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद योजना आर्थिक सांख्यिकीय के विभाग मध्य प्रदेश शासन जिला राजगढ़ विकासखंड जीरापुर द्वारा चयनित नवांकुर संस्था श्री महावीर चाठा कुण्डी बालाजी शिक्षण समिति माचलपुर द्वारा 9 मार्च को बाढ़ गांव रोड भोनाजी महाराज मंदिर परिसर में सेक्टर माचलपुर की ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के सदस्य एवं नवांकुर साथियों का एकदिवसीय क्षमता वर्धन प्रशिक्षण का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें ग्राम मल्हारपुरा कुंडलिया झारणीय जामगांव नगर माचलपुर सुंदरपुर के सदस्य एवं नवांकुर सखी उपस्थिति रही प्रशिक्षण में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जीरापुरके ब्लॉक समन्वयक बीरम सिंह परमार एवं परामर्शदाता चंदरलाल वर्मा नवांकुर संस्था के कार्यक्रम समन्वयक दिनेश कुमार लववंशी की उपस्थिति में उपस्थित प्रतिभागियों को दस्तावेजी कारण जिसमें आवश्यक दस्तावेजी करण पर परामर्शदाता चंदरलाल वर्मा ने विस्तार से प्रशिक्षण दिया।

ब्लॉक समन्वयक में बीरम सिंह परमार ने उपस्थित प्रतिभागियों को मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की कार्य योजना अनुसार अपने-अपने ग्राम में आगामी माह के कार्य योजना तैयार कर जल संरक्षण जैविक कृषि सबके लिए स्वास्थ्य शिक्षा नशा मुक्ति पर्यावरण संरक्षण को लेकर कार्य योजना बनाई गई एवं इस पर समाज आधारित कार्य करने पर प्रशिक्षण दिया।

## मेड़तवाल वैश्य समाज की मातृ-शक्तियों ने किया कार्यक्रम आयोजित

# प्राकृतिक रंगों से होली खेलकर मनाया फागोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



नगर के मेड़तवाल वैश्य समाज की मातृ-शक्तियों द्वारा समाज की धर्मशाला में कार्यक्रम आयोजित कर फागोत्सव मनाया गया। इस दौरान रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ माता फलौदी के भजन गाते हुए सभी की सुख-समृद्धि की कामना की गई।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने प्राकृतिक रंगों से होली खेलते हुए पर्व की खुशियां एक-दूसरे से सांझा की। इस अवसर पर समाज के बच्चों, किशोरियों के लिए रंगोली सहित अन्य प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। रंगोली में अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया ताकि समाज के अन्य बच्चों को भी प्रेरणा मिल सके। प्रतियोगिता उपरान्त सभी ने एक-दूसरे को रंग-पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए सकल विश्व के कल्याण की कामना की। इसके साथ ही समाज के बच्चे आगे क्या अच्छा कर सकते हैं और महिलाएं इस हेतु क्या योगदान दे सकती हैं, इसके लिए रूपरेखा तैयार की गई।

# सरकारी स्कूलों को बंद करने की साजिश के खिलाफ भरी हुंकार

## स्कूल बचाओ संघर्ष समिति ने गांव-गांव शुरू किया जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



प्रदेश सरकार द्वारा सीएम राइज स्कूलों के नाम पर हजारों सरकारी स्कूलों को बंद करने की नीति के विरोध में स्कूल बचाओ संघर्ष समिति ने मोर्चा खोल दिया है। समिति के सदस्यों ने गुना जिले के विभिन्न गांवों, कस्बों और बस्तियों में जाकर स्कूल बचाने निकले हैं, आओ हमारे साथ चलो के नारे के साथ जनसंपर्क शुरू किया है। वर्तमान में जिले के बरखेड़ा हाट, बमोरी, फतेहगढ़, डोंगर, चांचौड़ा और गुना में सीएम राइज स्कूल बनाए गए हैं, जिसकी आड़ में आसपास के 5 किलोमीटर के दायरे में आने वाले स्कूलों को बंद या मर्ज किया जा रहा है। समिति का तर्क है कि जहां पहले से ही सडक़ों और शौचालयों का अभाव है, वहां स्कूल बंद होने से गरीब बच्चों की शिक्षा पूरी तरह ठप हो जाएगी।

आगामी सत्र 2026-27 से बमोरी तहसील के शासकीय प्राथमिक विद्यालय बमोरी, हिरामन के टपरे, मॉडल हाई सेकेंडरी बमोरी, बागेरी, मसुरिया, खड़ेला, खेरादा, एकीकृत नोनेरा, खुटियारी, मढीखेड़ी, हिनोतिया, अकोदा एवं उत्कृष्ट विद्यालय सहित 15 स्कूलों को मर्ज किया जा रहा है। इसी तरह राघोगढ़ तहसील के डोंगर, बेलका, इकोदिया, विजयपुर, बालाभेंट, उदयपुरी, काकवासा और सकतपुर के स्कूल भी बंद होने की कगार पर हैं। समिति के साथियों के पहुंचने पर ग्रामीणों ने इस मुहिम को अपना समर्थन दिया है। बुद्धिजीवियों और अभिभावकों की मांग है कि एक भी स्कूल बंद न हो, बल्कि मौजूदा स्कूलों की व्यवस्था सुधारी जाए। इस नीति के विरोध में आगामी 11 मार्च को बमोरी, राघोगढ़ और आरोन तहसीलों में एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## एससी की गाइडलाइन अनुसार लाउडस्पीकर भी बंद कराने की मांग

# उर्स में अवैध वसूली सहित अन्य मसलों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



मुख्यालय पर 112वें सालाना उर्स में आए दुकानदारों से हो रही अवैध वसूली सहित ध्वनि प्रदूषण को लेकर हिंदू संगठन आगे आए हैं। कल शाम सकल हिंदू समाज का प्रतिनिधित्व करते हुए नागरिकों ने कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा को ज्ञापन सौंपकर मेले के पूर्व से ही आरंभ अवैध वसूली एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग को लेकर सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का सख्ती से पालन कराने की मांग की।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि दरगाह क्षेत्र में हर वर्ष पारंपरिक रूप से उर्स मेले का आयोजन किया जाता है। पहले यह मेला लगभग तीन दिनों तक सीमित रहता था, लेकिन अब इसकी अवधि बढ़ाकर 15 दिन तक कर दी गई है। इस दौरान बड़ी संख्या में दुकानें लगती हैं और रात भर लाउडस्पीकर व डीजे के माध्यम से तेज आवाज में गाने बजाए जाते हैं जिससे नगरवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि मार्च माह में विद्यालयों और कॉलेजों की परीक्षाएं भी आयोजित होती हैं। ऐसे में देर रात तक तेज आवाज में बजने वाले ध्वनि विस्तारक यंत्र विद्यार्थियों की पढ़ाई को प्रभावित करते हैं। साथ ही यह ध्वनि प्रदूषण आम नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है।

### सर्वोच्च न्यायालय की गाइडलाइन की अवहेलना

युवाओं ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर और अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध है। इसके बावजूद कई बार इन नियमों का पालन नहीं किया जाता है। ऐसे में प्रशासन को इस बार विशेष निगरानी रखते हुए नियमों का कड़ाई से पालन कराना चाहिए। इस दौरान अधिवक्ताओं का एक समूह भी प्रतिनिधिमंडल के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचा। अधिवक्ताओं ने अलग से कोई ज्ञापन नहीं दिया, बल्कि सर्व हिंदू समाज द्वारा सौंपे गए इसी ज्ञापन के समर्थन में उपस्थित रहकर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय की प्रति कलेक्टर को सौंपते हुए उचित कार्रवाई की मांग की।

### ये रहे मौजूद

ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि उर्स मेले में लगने वाली दुकानों से अधिक राशि की वसूली की जाती है। इस पर रोक लगाई जाए। इस अवसर पर बजरंग दल के पूर्व प्रांत संयोजक एवं वर्तमान भाजपा जिला महामंत्री देवी सिंह सौंधिया, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष केपी पवार, विहिप जिलाध्यक्ष तेजेंद्र उपाध्याय, हिंदू चेतना मंच के अध्यक्ष, जिला सहकारिता प्रकोष्ठ पदाधिकारी गजेंद्र सिंह गटू बना, कैलाश प्रजापति सहित वरिष्ठ एडवोकेट अविनाश दशहरिया, शैलेंद्र गुप्ता सहित सर्व हिंदू समाज के कई युवा मौजूद रहे। साथ ही कई अधिवक्ता भी प्रतिनिधिमंडल में शामिल रहे।

**खबर संक्षेप**

## जिपं सीईओ ने समूहों के कार्यों की समीक्षा

**सीहोर।** जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने जिला पंचायत सभाकक्ष में एनआरएलएम के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय उत्पादक समूहों एवं सीएलएफ पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर उत्पादक समूहों के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने समूहों के बिजनेस प्लान पर भी चर्चा की। इस दौरान बताया गया कि उत्पादक समूहों के बिजनेस प्लान के अनुसार एसआरएलएम द्वारा राशि उपलब्ध कराई जाती है। बैठक में उत्पादक समूह का व्यवसाय विकसित करने के उद्देश्य से मार्केट वेंडर मॉडल के बारे में भी जानकारी दी गई तथा जिले में उत्पादक समूहों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति भी साझा की गई। बैठक में बताया गया कि अभी तक जिले में 34 उत्पादक समूहों के बिजनेस प्लान राज्य द्वारा स्वीकृत किए गए हैं एवं इनके द्वारा किए जा रहे कार्यों से 60 लाख का टर्नओवर अर्जित किया गया है। इन सभी को देखते हुए राज्य द्वारा 96 लाख रूपये की राशि बिजनेस सपोर्ट के लिए उपलब्ध कराई गई है। इस प्रकार जिले में एनआरएलएम के अंतर्गत उत्पादक समूह कार्य कर रहे है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ द्वारा आजीविका मिशन स्टाफ की समीक्षा के दौरान निष्क्रिय समूहों को सक्रिय करने, विभिन्न समूहों के बैंक बचत खाते खुलवाने एवं चक्रीय राशि आप्राप्त समूह को पात्रता अनुसार राशि मांग करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमती यादव ने उपस्थित 150 से भी अधिक समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भरता का संदेश हुए कहा कि समूह से जुड़कर महिलायें आय मूलक गतिविधियों से अपनी और अपने परिवार की आय में वृद्धि कर रही है।

### शीतला सप्तमी पर मंदिरों में उमड़ी भीड़, महिलाओं ने की पूजा-अर्चना

# बासी भोजन का भोग लगाकर महिलाओं ने घर परिवार के लिए मांगी सुख-समृद्धि

शहर के सिकंदर बाजार, बजरंग कॉलोनी, मंडी गेट और अलीपुर स्थित शीतला माता मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में सुबह से श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा/जावर

मंगलवार को शीतला सप्तमी का त्योहार श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के शीतला माता मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। महिलाओं ने बासी भोजन का भोग लगाकर परिवार की सुख-समृद्धि और आरोग्य की कामना की।शहर के सिकंदर बाजार, बजरंग कॉलोनी, मंडी गेट और अलीपुर स्थित शीतला माता मंदिरों सहित अन्य देवी मंदिरों में सुबह से लेकर 11 बजे तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। महिलाओं ने एक दिन पहले रात में तैयार किए गए पकवानों का भोग देवी को अर्पित किया।ज्योतिष आचार्य पंडित अमित तिवारी ने बताया कि शीतला सप्तमी का त्योहार हर साल चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की सप्तमी तिथि (होली के बाद) को मनाया जाता है, जिसे 'बसौड़ा' भी कहते हैं। यह त्योहार मुख्य रूप से मां शीतला को समर्पित है, जिन्हें चेचक, खसरा और गर्मी से होने वाली बीमारियों से रक्षा करने वाली देवी माना जाता है। मां शीतला को आरोग्य और स्वास्थ्य की देवी के रूप में पूजा जाता है।इस दिन महिलाएं व्रत रखकर अपने परिवार को मौसमी बीमारियों, जैसे चेचक और बुखार से सुरक्षित रखने की प्रार्थना करती हैं। इस परंपरा के अनुसार, शीतला सप्तमी के दिन घरों में चूल्हा नहीं जलाया जाता है।नगर पुरोहित पंडित दीपेश पाठक ने बताया कि माता को एक दिन पहले (षष्ठी को) बना ठंडा या बासी भोजन भोग के रूप में चढ़ाया जाता है। बाद में परिवार के सदस्य इसी प्रसाद को ग्रहण करते हैं। शहर के सिकंदर बाजार स्थित शीतला माता मंदिर में पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। साफ-सफाई के साथ-साथ पुलिस बल भी तैनात रहा। शीतला माता मंदिर समिति के अध्यक्ष दिनेश सोनी ने बताया कि मंदिर में इन दिनों निर्माण कार्य चल रहा है और सभी के जन सहयोग से एक भव्य मंदिर का निर्माण किया जा रहा है।



**शीतला सप्तमी पर की पूजा-अर्चना**



**जावर।** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में मां शीतला माता मंदिर में सुबह 4 बजे से ही महिलाओं की भारी भीड़ के साथ मां शीतला की पुजा अर्चना की गई। इसका महत्व सोमवार छठ एक दिन पहले ही शाम को ठन्डा शीला बनाया गया जिसमें हर तरह के पकवान बनाए जाते हैं। इस पुरानी परंपरा के अनुसार पांच या सात घरों से आटा एक दुसरे के घरों से लाया जाता है। उसका ही ठंडा शीला बना कर सप्तमी के रोज मां शीतला की पुजा अर्चना की जाती है। महिलाओं का यह महत्वपूर्ण त्यौहार है, क्योंकि सप्तमी के रोज घरों में चूल्हा नहीं जलाया जाता है। व रोटी का तवा भी नहीं रखा जाता है। यह महिलाओं का त्योहार घर की शांति समृद्धि और घर की सुख शांति के लिए पुजा अर्चना कर घर पर ठंडा भोजन प्रसादी ग्रहण की जाती है। उसी रोज चुले पर आम का पौधा रख कर चुल्हे की भी पुजा की जाती है।

# हत्याकांड के आरोपियों को पकड़ने सौंपा ज्ञापन

**श्यामपुरा मगरदा में हुई थी हत्या**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज

सिद्धिगंज थाना अंतर्गत श्यामपुर मगरदा में 7 से 8 दिन पुराने जमीन विवाद को लेकर भाई ने भाई की हत्या करदी थी। जिसमें पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर जेल पहुंचा दिया गया था। लेकिन फरियादी, परिजन और ग्रामीण थाने पहुंचे और थाना प्रभारी को आवेदन दिया। मांग की गई कि जल्दी ही बाकी आरोपी को पकड़ा जाए। आरोपी खुले आम घूम रहे हैं। मृतक की पत्नी द्वारा बताया गया कि 2 मार्च को हमारे ग्राम श्यामपुर मगरदा में भगोरिया बाजार लगा हुआ था। मेरे पति लाल सिंह भगोरिया बाजार में गए हुए थे। जब मेरे पति घर वापस नहीं आए तब मैं उन्हें देखने के लिए बाजार गई। तभी आरोपी बद्री और उसके लड़के द्वारा मेरे पति के साथ गाली गलौज करने लगे। तभी बद्री और उसके दोनों पुत्र व बहु के साथ मिलकर मेरे पति के ऊपर जानलेवा हमला किया। मेरे पति को डंडे व पत्थर से मारा। मेरे द्वारा बीच बचाव किया गया। इसी दौरान मुझे भी चोट आ। मुझे भी इन लोगों के द्वारा मारपीट की गई, जिस के कारण में बेहोश हो गई थी। वही मेरे पति को अस्पताल लाया गया। जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। वहीं परिजनों व ग्रामीणों द्वारा सिद्धिगंज थाना पहुंचकर थाना प्रभारी से मांग की गई जल्दी बाकी आरोपी को पकड़ा जाए। अन्यथा हम जिला कलेक्टर, सीहोर एसपी को आवेदन देंगे। ग्राम के तारा सिंह, प्रकाश, राकेश पुठिया, गुमान सिंह, लाल सिंह, कृपाल सिंह, फतेह सिंह, प्रेम सिंह, बृजेश, साई सिंह, जयमल, सोनू, साय सिंह, कमल सिंह, साध्य अमित आदि ग्रामीणों ने सिद्दीकगंज थाना पहुंचकर थाना प्रभारी को आवेदन दिया। कहा कि लाल सिंह हत्याकांड मामले में बाकी आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। बृजेश पिता लाल सिंह द्वारा बताया गया कि मेरे द्वारा कई बार थाने में आकर बताया गया कि बाकी आरोपी को जल्दी पकड़ा जाए वहां खुलेआम घूम रहे हैं। हमारे घर पर रात में पत्थर मार रहे हैं। हम सभी घर के लोग डरे हुए हैं। पहले ही इन लोगों द्वारा मेरे पिता लाल सिंह की हत्या कर दी गई है। हम लोगों पर और कोई घटना ना हो जाए। जिस कारण हम काफी डाले हुए हैं। सिद्धिगंज थाना प्रभारी राजू सिंह बघेल ने बताया कि मेरे द्वारा जांच की जा रही है और जल्द ही बाकी आरोपी को पकड़ा जाएगा और कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी।

# समतापूर्वक समाधि मरण उन्हीं का होता है, जिन्होंने साधना के साथ जीवन जिया है: विश्वसूर्य सागर



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के नेमीनगर सांई कॉलोनी स्थित श्री नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में विराजित वात्सल्य रत्नाकर मुनिश्री विश्वसूर्य सागर मुनिराज ने धर्मसभा में आशीर्वचन देते हुए कहा कि समाधि मरण उन्हीं का होता है जिन्होंने प्रारंभ से ही साधना और संयम के साथ अपना जीवन जिया है। समता हर किसी को प्राप्त नहीं होती, इसके लिए व्यक्ति को शुरू से ही तप, त्याग और संयम का अभ्यास करना पड़ता है। मुनिश्री ने कहा कि व्यक्ति को चारों प्रकार के आहार का त्याग कर भगवान के गुणों का चिंतन और भक्ति करनी चाहिए, हिंसा से दूर रहना चाहिए। जैन दर्शन केवल धर्म का मार्ग ही नहीं दिखाता, बल्कि स्वस्थ जीवन जीने की शिक्षा भी देता है। कम खाने वाला व्यक्ति स्वस्थ रहता है, जबकि अधिक भोजन करना शरीर के लिए हानिकारक हो सकता है। उन्होंने कहा कि आज व्यक्ति को आत्मकल्याण का ज्ञान नहीं है, लेकिन घर-गृहस्थी और सांसारिक कार्यों में पूरा ज्ञान है। साधु नियमपूर्वक ही आहार के लिए जाते हैं, उसी प्रकार गृहस्थों को भी विवेकपूर्वक आचरण करना चाहिए। मनुष्य रसना इंद्रिय का गुलाम बन गया है, इसलिए उस पर नियंत्रण आवश्यक है। रस के त्याग और नियम के पालन से अशुभ कर्मों से बचाव होता है और मन में आकुलता नहीं रहती। मुनिश्री ने कहा कि संयम और त्याग के भाव गृहस्थ जीवन से ही विकसित होने चाहिए। यदि व्यक्ति असंयमी जीवन जीता है तो उसकी दुर्गति निश्चित है। उठने-बैठने और चलने-फिरने में भी सावधानी रखनी चाहिए, ताकि किसी जीव-जंतु को कष्ट न पहुंचे। उन्होंने कहा कि सामायिक संकल्प लेकर एकाग्रचित होकर करना चाहिए। सामायिक के दौरान कायक्लेश नहीं करना चाहिए। शरीर को कष्ट सहने की आदत पड़ने पर ही संयम धारण करना संभव होता है। मुनिश्री ने स्पष्ट किया कि समाधि कोई कराता नहीं है, बल्कि जो लेने वाला होता है वही समाधि प्राप्त करता है, अन्य लोग केवल निमित्त बनते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान ही भविष्य का निर्माता है, इसलिए वर्तमान को संभालकर रखना चाहिए। जो संयम के नाम पर ढोंग करते हैं, वे अपने लिए दुर्गति का मार्ग तैयार करते हैं। ब्रह्मचर्य का अर्थ केवल नाम मात्र नहीं है, बल्कि चिंतन और स्वाध्याय के साथ जीवन जीना भी आवश्यक है। मुनिश्री ने कहा कि विनय अहंकार को समाप्त करता है। जिसमें विनय नहीं है, वह त्यागी नहीं हो सकता। त्यागी और व्रती व्यक्ति सहज, सरल और विनम्र होता है। विनय अंतरंग तप है, जो जीव को मोक्ष की ओर ले जाता है। विशुद्धि बढ़ने पर ही कर्मों की निर्जरा होती है और आत्मा हल्की बनती है। उन्होंने कहा कि संयम एक ऐसी नौका है जो संसार रूपी सागर से पार लगाती है। यदि व्यक्ति संयम का मार्ग अपनाता है तो वह भवसागर से पार हो सकता है। वैय्यावृति केवल साधुओं की ही नहीं, बल्कि घर के बड़े-बुजुर्गों की सेवा भी वैय्यावृति ही मानी जाती है। मुनिश्री ने स्वाध्याय के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्व का हित और स्व का ज्ञान ही स्वाध्याय है। स्वाध्याय आत्मा की विशुद्धि बढ़ाने के लिए किया जाता है और इसके दौरान आपसी चर्चा नहीं करनी चाहिए। इच्छाओं को सीमित रखकर परिग्रह कम करना चाहिए और प्राप्त वस्तुओं में विरक्ति का भाव रखना चाहिए। धर्मसभा के अंत में मुनिश्री ने कहा कि तप आत्मा को निर्मल बनाता है और सिद्धालय की यात्रा का मार्ग प्रशस्त करता है। ध्यान के माध्यम से आत्मा सिद्धालय तक पहुंचती है, इसलिए ध्यान और ज्ञान दोनों को समझकर जीवन में संयम, त्याग और तपस्या को अपनाना चाहिए।

# श्री सत्य साईं प्रौद्योगिकी और चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का समापन




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

श्री सत्य साई प्रौद्योगिकी और चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक समापन किया गया। यह आयोजन 28 फरवरी से 10 मार्च तक विज्ञान में महिलाएं विकसित भारत को गति प्रदान करती हुई थीम पर आयोजित किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के लगभग 300 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन के दौरान विभिन्न विशेषज्ञ व्याख्यान भी आयोजित किए गए। इस क्रम में डॉ. स्मिता शर्मा ने शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की भूमिका विषय पर व्याख्यान देते हुए शिक्षा के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. नितिन बटाव ने संक्रामक रोगों की पहचान हेतु डीएनए आधारित विधियाँ विषय पर व्याख्यान देते हुए आधुनिक चिकित्सा में डीएनए तकनीक के उपयोग को समझाया।

वहीं शिवानी गुप्ता ने विज्ञान में महिलाएँ – विकसित भारत को गति प्रदान करती हुई विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए वैज्ञानिक रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता एवं रील मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समापन समारोह के अवसर पर प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुलपति डॉ. मुकेश तिवारी ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि छात्रों को विभिन्न शैक्षणिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए सदैव तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी को उत्साह के साथ गतिविधियों में भाग लेना चाहिए और परिणाम की चिंता किए बिना अपनी प्रतिभा को प्रस्तुत करना चाहिए।कार्यक्रम का आयोजन कुलपति डॉ. मुकेश तिवारी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इ

स अवसर पर कुलसचिव डॉ. हेमंत शर्मा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. संजय राठौर तथा अनुसंधान एवं विकास निदेशक डॉ. मोहित गंगवार का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन देवेंद्र पाटले द्वारा किया गया, जबकि आयोजन का समन्वय कार्यक्रम समन्वयक डॉ. गीता खूबचंदानी एवं सह-समन्वयकों द्वारा किया गया। इस प्रकार राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

### शिप्रेश्वर धाम में चल रही शिव महापुराण में धर्म भक्ति और संस्कारों का दिया संदेश

# क्षिप्रेश्वर धाम मोहनपुरा में दिखा भक्ति और श्रद्धा का संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

क्षिप्रेश्वर धाम, मोहनपुरा उज्जैन में भव्य वार्षिक उत्सव और शिव महापुराण कथा का आयोजन, प्रेम यमुना सेवा ट्रस्ट उज्जैन के संस्थापक और अध्यक्ष महेश गुरुजी की सरल और सहज वाणी से चल रहा है हजारों श्रद्धालुओं ने कथा और प्रसाद का लाभ लिया। उज्जैनः धर्मनगरी उज्जैन में स्थित क्षिप्रेश्वर धाम, मोहनपुरा में इन दिनों भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। यहाँ आयोजित वार्षिक उत्सव एवं शिव महापुराण कथा के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त प्रतिदिन कथा श्रवण के लिए पहुँच रहे हैं। 5 मार्च से 11 मार्च 2026 तक चलने वाली इस पावन कथा में धर्म, भक्ति और संस्कारों का संदेश दिया जा रहा है। कथा का समय प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक रखा गया है, जिसमें आसपास के क्षेत्रों सहित दूर-दूर से भी श्रद्धालु उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। इस वार्षिक उत्सव के अंतर्गत 9 मार्च को विशेष प्रसादी भंडारे का आयोजन किया गया। इस भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन के दौरान भगवान शिव के जयकारों से



वातावरण भक्तिमय हो गया। आयोजकों के अनुसार, ऐसे धार्मिक आयोजनों का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक चेतना, संस्कार और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देना है। श्रद्धालुओं ने भी इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि कथा श्रवण से मन को शांति और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। धर्मनगरी उज्जैन में हो रहे इस भव्य आयोजन ने एक बार फिर यह संदेश दिया है कि सनातन



परंपरा और आध्यात्मिकता आज भी समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य कर रही है।क्षिप्रेश्वर धाम के सेवा भावी गोपाल ठाकुर भंवरी कलाँ ने बताया क्षिप्रेश्वर धाम विश्व का सबसे बड़ा पारदेश्वर शिवलिंग मंदिर का निर्माण कार्य बड़ी तेज गति से चल रहा है जो सिंहस्थ महाकुंभ में यहा स्थान सबसे बड़ा और चर्चित आध्यात्मिक केंद्र होगा।

# मॉडर्न पब्लिक में छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र देकर किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

संस्था मॉडर्न पब्लिक हा.से. स्कूल द्वारा वार्षिक खेल प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले छात्र/छात्राओ को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। बीते दिनों कई गेम प्रतियोगिता करवाई गई थी। सभी पुरस्कृत प्रतिभागियों को सभी शिक्षकों व शाला के मार्गदर्शक द्वारा बधाईयां दी व बच्चों के उज्जवल भविष्य की भी कामना की। प्रतियोगिता में उपस्थित संचालक मंडल व शाला परिवार के मार्ग दर्शक एसएल परमार, केएल परमार, बीएस ठाकुर व समिति अध्यक्ष अभिषेक परमार, प्राचार्य शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, उपप्राचार्य विकास चौरसिया, बीएल मालवीय, रवि पाठक, राजेश बड़ोदिया, रजत धारवां, संदीप ठाकुर, निर्मला सारसिया, करिश्मा चौपड़ा, अंजलि चौरसिया, नीता सक्सेना, ईषा जैन, पायल ठाकुर, पूजा ठाकुर सना अली, अपेक्षा पेरवाल, तेजू मेवाड़ा, विधि चौहान, आयुषी जैन, लक्ष्मी चौरसिया, ज्योति राजपूत, प्रतिभा तोमर, ईतिका चौहान आदि शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चां के उज्जवल भविष्य की कामना की।